web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार, 15 अप्रैल 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 196

## महत्वपूर्ण एवं खास



### दिल्ली यमुना में डूबे चार बच्चे, एक शव बरामद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नदी के किनारे खेलने गए चार बच्चे यमुना में डूब गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि लापता नाबालिग बच्चों की पहचान मोहम्मद अली (11), साहिल (13), फरमान (13) और रिहान (13) के रूप में हुई है। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने एक शव बरामद किया, जिसकी पहचान फरमान के तौर पर हुयी। फरहान नदी में कीचड़ में फंसा पाया गया था। पुलिस ने बताया कि यमुना नदी के पास खेलने आए चार बच्चों के लापता होने के संबंध में कालिंदी कुंज थाने को दोपहर करीब 3:35 बजे सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम विश्वकर्मा कॉलोनी से सटे इलाके में पहुंची, जहां पर कॉल करने वाले सदकत अली (38) ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा मो. अली तीन अन्य लडक़ों के साथ यमुना किनारे गया था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा है। सदाकत ने उनकी तलाश की और यमुना के पास पहुँचे, जहाँ उन्हें बच्चों के कपड़े मिले लेकिन चारों बच्चे गायब थे। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान पुलिस को तीन जींस पैंट, तीन टी-शर्ट, एक शर्ट और चार जोड़ी चप्पलें भी मिलीं, जो नदी के किनारे पड़ी थीं। इस स्थिति को देखकर आपदा प्रबंधन टीम, बाढ़ विभाग के तैराक, सर्च लाइट वाली नावें, फायर ब्रिगेड, कैट्स एम्बुलेंस, डीएम ईस्ट के कार्यालय के कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद तैराकों और गोताखोरों ने सर्च लाइट की मदद से यमुना में बच्चों की तलाश शुरू कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार बच्चों के माता-पिता निम्न आय वर्ग के श्रमिक हैं। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में पता चला कि यमुना के गंदे पानी में नहाने के दौरान बच्चे डूब गए।

### 20वीं भारत-फ्रांस संयुक्त स्टाफ वार्ता पेरिस में आयोजित हुई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत-फ्रांस संयुक्त अधिकारी वार्ता का 20वां संस्करण 12-13 अप्रैल, 2022 को फ्रांस के पेरिस में आयोजित किया गया। बैठक की सह-अध्यक्षता एकीकृत रक्षा कर्मचारी (मुख्यालय आईडीएस) मुख्यालय, इंट-सी (सैन्य सहयोग), एकीकृत स्टाफ के सहायक प्रमुख एयर वाइस मार्शल बी मणिकांतन और दक्षिण / स्टाफ मुख्यालय में द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल एरिक पेल्टियर ने की। बैठक एक मित्रतापूर्ण, गर्मजोशी से भरे और सौहार्दपूर्ण माहौल में आयोजित की गई थी। चर्चा के दौरान मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग तंत्र के दायरे में नई पहलों और वर्तमान में जारी रक्षा कार्यों को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत-फ्रांस संयुक्त अधिकारी वार्ता बैठक रणनीतिक और परिचालन स्तरों पर नियमित चर्चा के माध्यम से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए स्थापित किया गया एक मंच है।

### नेहरू का हटा नाम, पीएम मोदी ने किया नए प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन एवं योगदान पर आधारित प्रधानमंत्री संग्रहालय का आज उद्घाटन किया। मोदी करीब 11 बजे तीन मूर्ति भवन में नेहरू स्मारक एवं संग्रहालय पहुंचे जहां केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने ने बाद में संग्रहालय का भ्रमण किया और इसके बाद शिलापट्ट का अनावरण करके संग्रहालय का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने पहला टिकट भी खरीदा। यह शुभारंभ संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर किया गया है। इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एम जे अकबर भी मौजूद थे। आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव के दौरान शुरू हुए इस संग्रहालय में स्वतंत्रता के पश्चात सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन और योगदान के माध्यम से लिखी गई भारत की गाथा का वर्णन किया गया है। आपको बता दें कि पहले इसे नेहरू मेमोरियल के नाम से जाना जाता था।

# छग राज्य बिजली नियामक आयोग ने की विद्युत दरों में बढ़ोतरी

**वर्ष 2022-23 के लिए बिजली की नई दरें घोषित**




**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग ने वर्ष 2022-23 के लिए बिजली की नई दरें घोषित करते हुए घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली के दरों में 10 पैसे प्रति यूनिट और उद्योगों के लिए 15 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। महंगाई की मार झेल रहे लोगों को एक और झटका लगा है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी के वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 725 करोड़ के घाटे के दावे को अमान्य करते हुए 108 करोड़ को ही मान्य किया है, वहीं राज्य के स्वामित्व वाली तीनों विद्युत कंपनियों ने अपनी टैरिफ याचिका के आधार पर वर्ष 2022-23 के लिए 1004 करोड़ रुपए के राजस्व घाटे की आपूर्ति का प्रस्ताव दिया था, जिसके स्थान पर 386 करोड़ रुपए राजस्व घाटे का अनुमोदन किया है। इसके अलावा आयोग ने विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा मांगी गई 19336.76 करोड़ रुपए की वार्षिक राजस्व आवश्यकता को घटाकर 17115.85 करोड़ रुपए मान्य किया है। इस तरह वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए आयोग ने औसत विद्युत लागत दर 6.22 रुपए निर्धारित की है, जो वर्ष 2021-22 की प्रचलित दर 6.08 रुपए से महज 14 पैसे अधिक है। राज्य की विद्युत कंपनियों द्वारा प्रस्तावित कुल राजस्व घाटे 1004 करोड़ रुपए की भरपाई की जाती तो टैरिफ में औसतन 5.39 प्रतिशत की वृद्धि करने की आवश्यकता पड़ती, लेकिन आयोग ने राजस्व घाटा 386 करोड़ रुपए ही मान्य किया गया है, जिसके अनुसार, वर्तमान प्रचलित दर से विद्युत दरों में औसत 2.31 प्रतिशत की वृद्धि अनुमोदित की गई है।

आयोग ने घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 10 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की है, वहीं अन्य सभी विद्युत उपभोक्ताओं की दरों में 15 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की है। 220केवी एवं 132 केवी के उच्च दाब स्टील उद्योगों के दरों में 5 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की है। एचवी-5 श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले पोहा एवं मुरमुरा मिल को वर्तमान टैरिफ में ऊर्जा प्रभार में 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है. इसी प्रावधान को एचवी-5 श्रेणी के पोहा एवं मुरमुरा मिल पर लागू करते हुए, उन्हें भी 5 प्रतिशत की छूट दी गई है।

आयोग ने किसानों को राहत देते हुए गैर सबसिडी वाले कृषि विद्युत पंप वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत छूट जारी रहेगी। किसानों को खेतों में लगे विद्युत पम्पों और खेतों की रखवाली के प्रयोजनार्थ पम्प कनेक्शन के अंतर्गत वर्तमान में पम्प के समीप 100 वॉट के भार उपयोग की सुविधा प्रभावशील है। किसानों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा 100 वॉट तक लास्नट एवं पंखे की स्वीकृति जारी रखी गई है।

## केरल के करीपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1.56 करोड़ का सोना जब्त, छह गिरफ्तार



**मलप्पुरम (आरएनएस)।** पुलिस ने बहरीन और शारजाह से करीपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अलग-अलग उड़ानों में पहुंचे दो यात्रियों के पास से लगभग 1.56 करोड़ रुपये मूल्य का 1.750 किलोग्राम सोना जब्त किया।

पुलिस ने पलक्कड़ जिले के मन्नारक्कड़ के विष्णुदास और कोझिकोड जिले के वडकारा के साजिथ को सोने के साथ हिरासत में लिया। वहीं पुलिस ने चार युवकों शबीन, शबीर, लतीफ और सलीम को भी हिरासत में लिया, जो वाहकों से कथित तस्करी का सोना लेने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। पुलिस ने गिरोह द्वारा इस्तेमाल की गई एक कार को भी जब्त कर लिया है।

## अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराई कार, एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत




**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के होजाई जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल' (एसयूवी) फिसलकर रेलिंग से जा टकराया और इस हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा भेलोगुड़ी के पास हुआ, जहां गुवाहाटी से आ रहे एसयूवी का चालक अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन राजमार्ग की रेलिंग से जा टकराया। अधिकारी ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं, पांच अन्य गंभीर रूप से घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान चालक हेलालुद्दीन, अफरीद आलम, मिनहाजुद्दीन, निजामुद्दीन और नीफा जन्नत के रूप में की गई है। निजामुद्दीन, कतर से लौटा था। हादसे का शिकार हुआ परिवार होजाई जिले के कापहबारी गांव का निवासी है। वे लोग निजामुद्दीन की अगवानी करने के बाद गुवाहाटी हवाईअड्डा से लौट रहे थे।

## केमिकल फैक्ट्री में लगी आग : छह लोगों की मौत, 12 घायल



**विशाखापटनम (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के एलुरु जिले के अक्किरेड्डीगुडेम में एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 12 लोगों के घायल होने की भी खबर है। यह घटना गुरुवार आधी रात के करीब गैस रिसाव के कारण हुई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नाइट्रिक एसिड, मोनोमिथाइल के रिसाव से फैक्ट्री में आग लगी। आग लगने के समय फार्मास्युटिकल प्लांट की यूनिट 4 में अठारह व्यक्ति काम कर रहे थे। मरने वाले छह में से चार बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। उन्होंने गंभीर रूप से घायलों को पांच-पांच लाख रुपये और मामूली रूप से घायल हुए लोगों को दो-दो लाख रुपये मुआवजा देने की भी घोषणा की।

अधिकारियों को घायलों की स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर को घटना की गहन जांच करने का निर्देश दिया गया है।

### तमिलनाडु में आसमानी बिजली गिरने से 4 की हुई मौत

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के विरुधुनगर के पास रोसालपट्टी में बीती शाम आसमानी बिजली गिरने से चार निर्माण श्रमिकों (कंस्ट्रक्शन वर्कर्स) की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में 22 वर्षीय जयसूर्या, 28 वर्षीय ए. कार्तिक राजा, 24 वर्षीय एम. मुरुगन और 25 वर्षीय एस. जक्कम्मल हैं। विरुधुनगर और आसपास के इलाकों में बुधवार शाम को तेज बारिश हुई और साथ ही बिजली भी कडक़ती नजर आई।

# 19 मई को द्वितीय केदार मदमहेश्वर और 6 मई को तृतीय केदार तुंगनाथ के खुलेंगे कपाट



**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** बैसाखी के पावन पर्व पर द्वितीय केदार मद्महेश्वर और तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट खोलने की तिथि घोषित कर दी गई। भगवान मद्महेश्वर मन्दिर के कपाट 19 मई एवं भगवान तुंगनाथ मन्दिर के कपाट 6 मई को वैदिक मंत्रोचार के साथ भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। ऊखीमठ ओंकारेश्वर मंदिर में इस मौके पर भक्तों ने भगवान मद्महेश्वर के पुष्परथ के दर्शन कर पुण्य अर्जित किए। बैसाखी के मौके पर परम्परानुसार पंचाग गणना के आधार पर ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान मद्महेश्वर धाम के कपाट खोलने की तिथि पुजारीगणों, आचार्यगणों, स्थानीय पंचगाई व गौंडार के हकहकूकधारियों, अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में घोषित की गई। मद्महेश्वर भगवान की डोली 15 मई को गर्भगृह से बाहर आएगी। इसी दिन स्थानीय लोगों द्वारा नए अनाज का भोग लगाया जाएगा। जबकि 16 मई को सभामण्डप में विश्राम के बाद 17 को ओंकारेश्वर मन्दिर से डोली रात्रि विश्राम के लिए राकेश्वरी मन्दिर रांसी पहुंचेगी। 18 मई को रांसी से गौंडार, 19 को गौंडार से मद्महेश्वर धाम पहुंचेगी। जहां कर्क लग्न में मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। वहीं दूसरी ओर भगवान तुंगनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल मक्कूमठ में तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर के कपाट खोलने की तिथि हकहकूकधारियों की मौजूदगी में घोषित की गई। तुंगनाथ भगवान की डोली 3 मई को गर्भगृह से बाहर आएगी जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा नए अनाज का भोग लगाया जाएगा। 4 मई को डोली भूतनाथ मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। 5 को भूतनाथ मंदिर से चोपता, 6 को डोली चोपता से तुंगनाथ के लिए प्रस्थान जिसके बाद दोपहर बारह बजे कर्क लग्न में कपाट खोल दिए जाएंगे। इस मौके पर समिति के सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, प्रभारी ईओ रमेश चंद्र तिवारी, पुजारी शिवशंकर लिंग, गंगाधर लिंग, शिवलिंग लिंग, राजकुमार नौटियाल, मठापति रामप्रसाद मैठाणी, प्रधान वीर सिंह पंवार, युद्धवीर पुष्पवान, विजयपाल नेगी, युद्धवीर पुष्पवान, अर्जुन रावत, पूर्व क्षेपंस शिवानन्द पंवार, शिशुपाल सिंह पंवार, चंद्रमोहन शैव, भंडारी मदन पंवार, देवानन्द गैरोला, कुंवर सिंह पंवार, महेशा सिंह पंवार आदि मौजूद थे।

**पुष्परथ के दर्शन कर भक्तों ने लिया आशीष-** ओंकारेश्वर मंदिर में प्रात: आठ बजे गर्भगृह से भगवान मद्महेश्वर की भोग मूर्तियों को बाहर लाकर सभामण्डप में विराजमान किया गया। जिसके बाद पुजारी शिवशंकर लिंग द्वारा भगवान की आरती की गई।

## बम विस्फोट की धमकी देने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार



**शिलांग (आरएनएस)।** मेघालय पुलिस ने आतंकवादी समूह लावेई बा फिरनाई (उज्ज्वल भविष्य) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने इन दोनों को 01 मई, 2022 से शुरू होने वाले हर एक सप्ताह में राज्य में बम विस्फोट करने की धमकी देने के मामले में गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक की पहचान पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लिमिटेड (एनईडीएफआई) के शिलांग शाखा के कर्मचारी भाकुपर नोंगस्टेंग के रूप में हुई है।

उन्होंने कहा, हम अभी भी समूह के बारे में पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समूह ने राज्यपाल सत्य पाल मलिक, मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, मुख्य न्यायाधीश संजीब बनर्जी, कैबिनेट मंत्री सनबोर शुल्लई और अन्य सरकारी अधिकारियों को बम विस्फोट करने की धमकी देते हुए ई-मेल भेजे थे।

# अमेरिकी फैशन ब्रान्ड पैटागोनिया द्वारा खादी डेनिम के लिए रिपीट ऑर्डर से खादी की वैश्विक लोकप्रियता की पुष्टि हुई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिका के फैशन ब्रान्ड पैटागोनिया ने खादी डेनिम कपड़ा खरीदने के लिए एक बार फिर ऑर्डर दिया है। यह आदेश खादी के विश्वस्तरीय उत्पाद की गुणवत्ता तथा सप्लाई ऑर्डर पूरा करने में समयबद्धता के पालन की वैश्विक प्रशंसा है। पैटागोनिया ने इस वर्ष मार्च महीने में कपड़ा बनाने वाली प्रसिद्ध कंपनी अरविन्द मिल्स के माध्यम से गुजरात के राजकोट स्थित खादी संस्थान खादी भारती से लगभग 80 लाख रुपये मूल्य के 17,050 मीटर खादी डेनिम कपडा खरीदने का आदेश दिया। यह रिपीट ऑर्डर 1.08 करोड़ रुपये मूल्य के खादी डेनिम कपड़े के 30,000 मीटर के पिछले आदेश के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद मिला है।

जुलाई, 2017 में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने पूरे विश्व में खादी डेनिम उत्पादों का व्यापार करने के लिए अरविन्द मिल्स लिमिटेड, अहमदाबाद से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। तब से अरविन्द मिल्स गुजरात के केवीआईसी द्वारा प्रमाणित खादी संस्थानों से प्रत्येक वर्ष बड़ी मात्रा में खादी डेनिम कपड़े खरीद रही है। इस नए आदेश के साथ पैटागोनिया द्वारा कुल खादी डेनिम की खरीद 1.88 करोड़ रुपये मूल्य के 47,000 मीटर हो गई है।

केवीआईसी के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि पैटागोनिया से रिपीट ऑर्डर खादी डेनिम की उत्कृष्ट गुणवत्ता, जो सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों से मेल खाती है, के परिणामस्वरूप मिला है। उन्होंने कहा कि आदेश की आपूर्ति करते समय उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने, उत्पाद की एकरूपता और कपड़े की समय से आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया गया। पिछला आदेश समय के अनुसार ठीक 12 महीने के समय में पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि खादी डेनिम के रिपीट ऑर्डर से इस बात की फिर पुष्टि होती है कि यह माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित 'लोकल टू ग्लोबल' का सटीक उदाहरण है।

खादी डेनिम कपड़े की खरीद गुजरात के खादी कारीगरों के लिए अतिरिक्त श्रम घंटे का सृजन कर रही है। सम्पूर्ण रूप से पैटागोनिया द्वारा खादी डेनिम की खरीद ने खादी कारीगरों के लिए अतिरिक्त 3 लाख श्रम घंटे का सृजन किया है।

पिछले साल पैटागोनिया के एक दल ने खादी डेनिम की निर्माण प्रक्रिया देखने के लिए गोंडल, राजकोट (गुजरात) स्थित खादी संस्थान उद्योग भारती का दौरा किया था। खादी बनाने की प्रक्रिया तथा खादी डेनिम कपड़े की दस्तकारी गुणवत्ता से प्रभावित होकर पैटागोनिया ने अरविन्द मिल्स के माध्यम से विभिन्न मात्राओं में खादी डेनिम कपड़े खरीदने के आदेश दिए।

पैटागोनिया ने खरीद को अंतिम रूप देने से पहले गोंडल में डेनिम उत्पाद की पूरी प्रक्रिया यानी कताई, बुनाई, कार्डिंग, डाइंग, मजदूरी भुगतान, श्रमिकों की आयु सत्यापन आदि का मूल्यांकन करने के लिए अमेरिका स्थित वैश्विक तीसरे पक्ष के मूल्यांकनकर्ता नेस्ट की नियुक्ति की थी। उद्योग भारती में सभी मानकों के व्यापक मूल्यांकन के बाद नेस्ट ने अपने प्रमाण पत्र में कहा कि 'कताई और हथकरघा बुनाई कार्य अब नैतिक हस्तशिल्प की नेस्ट मुहर के पात्र है।' यह पहला मौका है जब देश में किसी खादी संस्थान को अपने कार्य में नैतिक मानकों को पूरा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता द्वारा मूल्यांकित और प्रमाणित किया गया है।

यह आदेश चार तरह के डेनिम कपड़ों के लिए है, जो 100 प्रतिशत कॉटन से तैयार किया गया है और जिनकी चौड़ाई 28 इंच से 34 इंच तक है।